the लखनऊ टाइम्स.com

अभियन्ताओं ने मनाया रॉयल चार्टर डे

The Lucknow Times September 11, 2021 | 16 Less than a minute

इंस्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स (इंडिया) गोरखपुर लोकल के तत्वावधान में वेबिनार का आयोजन

लखनऊ : द इंस्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स (इंडिया) गोरखपुर लोकल सेन्टर के तत्वाधान में 9 सितंबर गुरुवार को रॉयल चार्टड डे विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संस्थानों के प्रोफेसर, वास्तुकार, सिविल इन्जीनियर एवं बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन ई0 धीरेन्द्र चतुर्वेदी ने मुख्य वक्ता प्रो0 (डॉ0) भरत राज सिंह एवं श्रोतागणों का स्वागत एवं अभिनन्दन से प्रारम्भ किया। तत्पश्चात गोरखपुर लोकल सेन्टर के मानद सचिव ई0 वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रबुद्ध वक्तागणों से से परिचय कराया।



प्रो0 (डा0) भरत राज सिंह ने बताया कि द इंस्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स (इंडिया) की स्थापना बिट्रिश रॉयल चार्टर के अधीन 9 सितम्बर 1935 को किंग जार्ज पंचम के बर्घिग्म पैलेस (लंदन) के दरबार में की गई। भारत में यह एक मात्र प्रोफेशनल संस्था है जिसे रॉयल वार्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इसीलिये इंस्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स के अभियन्ताओं को चॉटर्ड इन्जीनियर नामक शब्द को अपने नाम के आगे लगाने के लिए अधिकृत किया गया। इस दिवस को पूरे देश में अभियन्ताओं द्वारा रॉयल चार्टर डे के रूप में में मनाया जाता है।

कार्यक्रम के अन्त में गोरखपुर लोकल सेन्टर के मानव सचिव वेद प्रकाश गुप्ता ने वक्ताओं एवं श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

https://thelucknowtimes.com/engineers-celebrate-royal-charter-day/